Referring the Demands for Grants to the Standing Committee for examination and report to the House

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, लोकसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के 331छ को निलंबित कर दिया गया है ताकि अनुदानों की मांगों को विभागों से संबंधित स्थायी समितियों की संदर्भित किए बिना पारित किया जा सके तथापि अनुदानों की मांगें स्थायी समितियों के गठन के पश्चात् पुन: संदर्भित मानी जाएंगी जिससे समितियां उनकी जांच शुरू कर सकें और उन पर अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें ताकि समितियों द्वारा की गई सिफारिशों को अगले वर्षों के लिए अनुदानों की मांगों की तैयारी के उपयोग में लाया जाएगा।

माननीय सदस्यगण, बजट पर सामान्य चर्चा में बीएसी में 20 घंटे आबंटित किए गए थे, लेकिन इस विषय पर 27 घंटे से अधिक चर्चा हुई। इस चर्चा में लगभग 125 माननीय सदस्यों ने भाग लिया, 56 माननीय सदस्यों ने लिखित में भाषण दिया और 40 प्रतिशत से ज्यादा नए माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे।

मैं इसके लिए सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं इस लोकतंत्र की, संसद की मर्यादा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए हम चर्चा और संवाद को और बेहतर बनाएंगे ताकि हम लोकतंत्र को और सशक्त और मजबूत कर सकें।

---